**खबर संक्षेप**

### मैहर चैत्र नवरात्र मेलाः विधायक ने प्रशासन और सहयोगियों की कर्मठता को सराहा

**मैहर।** शक्ति की अधिष्ठात्री मां शारदा देवी का नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र मेला इस वर्ष पूरी तरह शांति पूर्ण,सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लाखों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने बिना किसी बाधा के सुगमता से दर्शन लाभ प्राप्त किया। मेले की इस अभूतपूर्व सफलता पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की है। विधायक चतुर्वेदी ने मेले के सफल संचालन का श्रेय जिला प्रशासन की सटीक योजना और क्रियान्वयन को दिया। उन्होंने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### सेवा भाव की मिसालः दर्शन के बाद बीमार हुए श्रद्धालु के लिए देवदूत बनी सुरक्षा टीम

**मैहर।** चैत्र नवरात्र के दौरान मैहर मां शारदा प्रबंधन समिति की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात SIS टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक श्रद्धालु की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। सतना निवासी श्रद्धालु शिवमणि त्रिवेदी मां शारदा के दर्शन करने आए थे,लेकिन दर्शन के उपरांत अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर तैनात सिक्योरिटी टीम के सुपरवाइजर दीपक दुबे और उनके साथियों ने बिना समय गंवाए सक्रियता दिखाई। टीम ने तुरंत एम्बुलेंस को कॉल किया और प्राथमिक उपचार सुनिश्चित कराया। तत्पश्चात,श्रद्धालु को तत्काल मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहाँ चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है और उनकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि पूरे नवरात्र मेले के दौरान दीपक दुबे और उनकी सुरक्षा टीम ने न केवल सुरक्षा बल्कि मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए बुजुर्गों,बच्चों और बीमार श्रद्धालुओं की निरंतर सहायता की। स्थानीय नागरिकों और दर्शनार्थियों ने सुरक्षा टीम के इस सेवा भाव और त्वरित कार्रवाई की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

### एडवोकेट मो. फैजल म.प्र. कांग्रेस अल्पसंख्यक के प्रदेश सचिव नियुक्त



**सतना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर एडवोकेट मो.फैजल इकबाल को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। प्रभारी निजामुद्दीन कुरैशी की सहमति के बाद अध्यक्ष शेख अलीम ने उन्हें संगठन को मजबूत करने की शुभकामनाएं दी हैं।

### स्कूलों में ही बनेंगे और अपडेट होंगे आधार कार्ड

**सतना।** राज्य शिक्षा केन्द्र,स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के सहयोग से प्रदेश के स्कूलों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए श्विद्यार्थियों के लिए आधार,अब विद्यालय के द्वारश शिविर का अगला चरण एक अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके विद्यालय परिसर में ही आधार से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें नामांकन और अपडेट के लिए अलग से कहीं जाने की आवश्यकता न पड़े। यह कार्यक्रम 18 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 के बीच दो चरणों में आयोजित किया जा चुका है,जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को लाभ मिला था। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट को पूर्ण करने के उद्देश्य से श्विद्यार्थियों के लिए आधार,अब स्कूल के द्वारा अभियान का अगला चरण प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 1 अप्रैल से प्रारंभ होकर 15 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा,जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर ही आधार से संबंधित सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

# आग का तांडवः अमरपाटन में घर और ट्रैक्टर जल कर खाक, कई क्षेत्रों के खेतों में लगी आग



**सतना।**

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आग की तीन बड़ी घटनाएं सामने आईं,जिसने प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल दी तो वहीं ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों की तत्परता ने बड़े हादसों को टलने में मदद की। सबसे गंभीर घटना अमरपाटन के ग्राम खरमसेडा में घटित हुई,जहाँ एक परिवार का सब कुछ जलकर राख हो गया।

### घर के साथ जल गया ट्रैक्टर,पीड़ित परिवार दाने-दाने को मोहताज

अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम खरमसेडा में अज्ञात कारणों से गुरु प्रसाद पटेल के घर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरे घर को अपनी आगोश में ले लिया। सूचना मिलते ही अमरपाटन और रामनगर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुँची। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों के कड़े संघर्ष के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया,लेकिन तब तक घर के अंदर खड़ा ट्रैक्टर और घर का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित परिवार ने थाने पहुँचकर आगजनी की शिकायत दर्ज कराई है।

### खराब फायर ब्रिगेड बनी मुसीबत, पुलिसकर्मियों ने पेश की मिसाल

रामनगर थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10 में भी एक खेत में अचानक आग लग गई। यहाँ प्रशासन की लापरवाही उस वक्त उजागर हुई जब पता चला कि रामनगर की फायर ब्रिगेड हमेशा की तरह खराब खड़ी है। ऐसी स्थिति में डायल 100 के चालक रामधनी वर्मा और प्रधान आरक्षक सूर्यभान सिंह ने मोर्चा संभाला। पुलिसकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया और उसे बस्ती तक फैलने से रोका।




### धारकुंडी में भाजपा नेता के खेत में भीषण आग

उधर,धारकुंडी थाना क्षेत्र के देवरा से भी डराने वाली तस्वीरें सामने आईं। यहाँ भाजपा नेता के खेत में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर से धुएं का गुबार देखा जा सकता था। स्थानीय ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। समाचार लिखे जाने तक ग्रामीण अपने स्तर पर आग पर नियंत्रण पाने की कोशिशों में जुटे रहे।

### मुख्य बिंदु

अमरपाटन के खरमसेडा में घर और कीमती ट्रैक्टर जलकर राख। रामनगर में फायर ब्रिगेड खराब होने से पुलिसकर्मियों ने संभाली कमान। धारकुंडी के देवरा में भाजपा नेता के खेत में लगी आग से फसल का नुकसान।

# श्वानों के हमले में मादा सांभर की मौत
## वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



**सतना।**

धर्मनगरी चित्रकूट के वार्ड क्रमांक 15, चौबेपुर क्षेत्र में शनिवार को आवारा कुत्तों के हमले में एक मादा सांभर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी।

### क्या है पूरा मामला?

मिली जानकारी के अनुसार,प्यास या भोजन की तलाश में जंगल से भटककर एक मादा सांभर चौबेपुर स्थित एक गेहूं के खेत में आ गई थी।इसी दौरान आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उसे चारों ओर से घेर लिया। खुद को बचाने के लिए सांभर काफी देर तक संघर्ष करती रही,लेकिन कुत्तों ने उसे बुरी तरह लहूलुहान कर दिया।

### ग्रामीणों ने की बचाने की कोशिश


खेत में शोर सुनकर जब तक स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया,तब तक सांभर गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। अत्यधिक रक्तस्राव और सदमे के कारण कुछ ही देर में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### वन विभाग को दी गई सूचना

ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जंगली जानवरों का रिहाइशी इलाकों की ओर आना अब आम हो गया है,जिससे उनकी जान को खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं और मृत सांभर का नियमानुसार पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार किया जाए।

## कहीं पंडाल में विवाद तो कहीं जन्मदिन की पार्टी में लहराया कट्टा

**श्री राम पंडाल में वीडियोग्राफी को लेकर विवाद,युवक घायल**



**सतना।** शहर के भुजवा मोहल्ला स्थित भगवान श्री राम के पंडाल में बीती रात अचानक विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मिली जानकारी के अनुसार,विवाद की मुख्य वजह वीडियोग्राफी को बताया जा रहा है। इस हिंसक झड़प में अमन गुप्ता नामक युवक घायल हो गया है। घटना के तुरंत बाद घायल अमन सिटी कोतवाली थाना पहुँचा,जहाँ उसने पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश या विवाद? रमना टोला में युवक के साथ मारपीट



सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रमना टोला स्थित चुन्नी डेयरी के पास मारपीट की एक और वारदात सामने आई है।यहाँ दीपक यादव नामक युवक पर ध्रुव और पंकज दाहिया ने मिलकर हमला कर दिया। हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है,लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### बर्थडे पार्टी में 'तमंचे पर डिस्को' सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



जिले के अमरपाटन क्षेत्र से कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाला एक सनसनीखेज वीडियो सामने आया है। यहाँ एक जन्मदिन की पार्टी के दौरान जश्न के माहौल में जमकर हथियारों का प्रदर्शन किया गया। वायरल वीडियो में एक युवक खुलेआम हाथ में कट्टा लहराते हुए दिखाई दे रहा है। जश्न के बीच अवैध हथियार के इस प्रदर्शन ने स्थानीय लोगों में दहशत पैदा कर दी है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस अब वीडियो के आधार पर युवक की पहचान और अवैध हथियार की बरामदगी के प्रयास में जुट गई है।

## बड़ा अखाड़ा में 'आविर्भाव समारोह': भक्ति और बघेली संस्कृति की बही बयार




**मैहर।**

रामनवमी के पावन अवसर पर मैहर स्थित 'बड़ा अखाड़ा' में 'आविर्भाव समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास,संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम श्रद्धा,भक्ति और शास्त्रीय कलाओं का एक अनूठा संगम रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बघेली लोक गायिका शिवानी पांडे और अन्य स्थानीय कलाकारों के सुमधुर लोकभक्ति गायन से हुआ,जिसमें प्रभु श्री राम की महिमा का बखान किया गया। इसके उपरांत मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन दर्शन,उनके आदर्शों और धर्मनिष्ठा पर आधारित एक हृदयस्पर्शी नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। समारोह में कथक शैली की प्रस्तुतियां भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम का समापन नर्मदापुरम से आए प्रसिद्ध गायक आदित्य नारायण परसाई और उनके दल द्वारा दी गई भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति से हुआ,जिसने पूरे वातावरण को राममय बना दिया। समारोह में मुख्य रूप से बड़ा अखाड़ा के महंत श्री श्री 1008 श्री सीता वल्लभ शरण जू महाराज, कलेक्टर रानी बाटड़, एसडीएम दिव्या पटेल, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रामनवमीं शोभायात्रा की सफलता पर आभार एवं अभिनंदन समारोह की घोषणा



**सतना।**

हिंदू पर्व समन्वय समिति ने ऐतिहासिक रामनवमी शोभायात्रा के निर्विघ्न संपन्न होने पर सभी सहयोगी संगठनों,प्रशासन और नगरवासियों का आभार व्यक्त किया है। 100 से अधिक झांकियों और 121 सदस्यीय टीम के प्रबंधन वाली इस यात्रा में सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल दिखी। समिति ने विशेष रूप से महापौर योगेश ताम्रकार की स्वच्छता वाहिनी,शक्ति केंद्रों और यातायात व्यवस्था में सहयोग देने वाली संस्थाओं की सराहना की। आयोजन समिति के सदस्य श्याम लाल गुप्ता ने बताया कि आगामी दिनों में एक अभिनंदन समारोह आयोजित कर सभी सहयोगी संस्थाओं और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।


## होनहार साई आठवीं बोर्ड में प्राप्त किए 94.83 अंक



**मैहर।**

शिक्षा के क्षेत्र में मैहर के होनहार छात्र साई द्विवेदी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार सफलता अर्जित की है। स्वामी नीलकंठ विद्यालय के छात्र साई ने आठवीं की बोर्ड परीक्षा में 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान हासिल किया है। साई,क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सूर्यकांत द्विवेदी के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है,बल्कि विद्यालय और गुरुजनों का नाम भी गौरवान्वित हुआ है।

## इच्छापूर्ति मंदिर में राम जन्मोत्सव की धूम: हवन-पूजन और कन्या भोज संपन्न



**मैहर**

रामनवमी के पावन पर्व पर केजेएस स्थित इच्छापूर्ति मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मंदिर परिसर में पूरे विधि-विधान के साथ भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें केजेएस परिवार और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह भगवान श्री राम,माता सीता और लक्ष्मण जी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य हवन का आयोजन किया गया,जिसमें श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ आहुतियां दीं। पूरे मंदिर परिसर में 'जय श्री राम' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर विशेष रूप से कन्या भोज का आयोजन भी किया गया,जिसमें छोटी कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजन किया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। इस धार्मिक अनुष्ठान में केजेएस पवन अहलूवालिया परिवार ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और सेवा कार्य में सहयोग किया। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रगाढ़ किया बल्कि सामाजिक समरसता और सेवा भाव का भी संदेश दिया। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी प्रबंध किया गया था,जहाँ देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा।

## मारुति फ्यूल्स के मैनेजर को जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**सतना।** जिले के बिरसिंहपुर स्थित 'मारुति फ्यूल्स' पेट्रोल पंप पर दहशत फैलाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,कुछ असामाजिक तत्वों ने पंप पर तैनात कर्मचारी और मैनेजर के साथ गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं,आरोपियों ने पूरे पेट्रोल पंप को आग लगाकर फूंक देने की भी चेतावनी दी,जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी केमुताबिक मारुति फ्यूल्स पेट्रोल पंप,बिरसिंहपुर में कर्मचारी को जान से मारने और पंप में आग लगाने की दी गई धमकी दी गई है। पंप संचालक की सूचना और मैनेजर अभिषेक सेन की लिखित शिकायत पर सभापुर पुलिस ने त्वरित एक्शन लिया है।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। पंप प्रबंधन ने सुरक्षा की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी किसी अनहोनी को टाला जा सके।

**खबर संक्षेप**

### देवेंद्रनगर में ओबीसी महासभा का संगठन विस्तार तेज

**देवेंद्रनगर।** ओबीसी महासभा द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बड़ागांव निवासी सुग्रीव कुशवाहा को तहसील अध्यक्ष, देवेंद्रनगर के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय कोर कमेटी एवं कार्यकारी प्रदेश नेतृत्व की सहमति से जारी आधिकारिक नियुक्ति पत्र के माध्यम से संपन्न हुई। संगठन द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सुग्रीव कुशवाहा को उनके सामाजिक सरोकारों में सक्रिय योगदान, संगठन के प्रति निष्ठा एवं क्षेत्रीय पकड़ को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे पिछड़े वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं मर्यादा के साथ कार्य करेंगे तथा सभी वर्गों के प्रति सम्मान की भावना रखते हुए संगठन को सशक्त बनाएंगे। नियुक्ति पत्र में यह भी उल्लेखित है कि संगठन द्वारा आयोजित धरना, प्रदर्शन, आंदोलन एवं ज्ञापन जैसे कार्यक्रमों के दौरान भारतीय संविधान द्वारा निर्धारित विधि-सम्मत आचरण का पालन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे संगठन की गरिमा और विश्वसनीयता अक्षुण्ण बनी रहे। जिला अध्यक्ष ने नव-नियुक्त तहसील अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में देवेंद्रनगर क्षेत्र में संगठन को नई दिशा एवं गति मिलेगी तथा सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। इस नियुक्ति से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी ने आशा व्यक्त की है कि बड़ागांव निवासी सुग्रीव कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और क्षेत्रीय विकास में सक्रिय भूमिका रही।

### चौकी महेवा में मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी महेवा में मारपीट एवं धमकी का मामला सामने आया है। आरक्षक क्रमांक 88 कोमल चक्रवर्ती द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी लोकेन्द्र सिंह बुंदेला (उम्र 40 वर्ष), निवासी ग्राम पवड़या, थाना अमानगंज, अपने पारिवारिक भाई भोलू राजा के साथ चौकी महेवा पहुंचकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी ने बताया कि दिनांक 28 मार्च 2026 को सुबह लगभग 8 बजे वह अपने घर के बाहर से बैल लेकर खेत की ओर जा रहा था। तभी उसका पारिवारिक भाई भोलू राजा घबराया हुआ आया और बताया कि सत्यजीत सिंह बुंदेला, गौरव सिंह बुंदेला, भूरे सिंह बुंदेला एवं अम्बर सिंह बुंदेला ने उसके साथ मारपीट की है। फरियादी ने भोलू राजा को घर की ओर भेज दिया। इसी दौरान आरोपी सत्यजीत सिंह बुंदेला और गौरव सिंह बुंदेला मौके पर पहुंचे और भोलू राजा के बारे में पूछते हुए गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों आरोपियों ने फरियादी के साथ लात-घूंसे से मारपीट शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद भूरे सिंह बुंदेला और अम्बर सिंह बुंदेला भी वहां आ गए और गाली-गलौज करते हुए अम्बर सिंह ने डंडे से फरियादी के बाएं पैर में चोट पहुंचाई। वहीं विष्णु सिंह बुंदेला ने पत्थर फेंककर हमला किया। घटना के दौरान शोर सुनकर स्पेन्द्र राजा, सत्यम सिंह बुंदेला एवं छत्रपाल सिंह बुंदेला मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। आरोप है कि जाते-जाते सभी आरोपियों ने फरियादी एवं उसके भाई को दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद फरियादी ने डायल 112 पर सूचना दी और पुलिस की मदद से चौकी महेवा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कर कर जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा टी.ई.टी को लेकर क्या सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद शिक्षकों के भविष्य को लेकर सरकार का रूख अभी तक अधर में

**क्या शिक्षक जब नियुक्त हुये तो मापदण्डों को लेकर जो नियम बनाये गये थे उसमें शिक्षक जिम्मेदार या कि सरकार तत्कालीन की** बीसों वर्षों की सेवाओं के मध्य शिक्षकों की पात्रता परीक्षा लिया जाना कहां तक लाजमी दस साल बाद तो जहां सड़कों के नाम व शहरों के नाम बदल जाते है वहीं शिक्षा का स्तर वर्तमान में किस दिशा में दस वर्ष पहले जब शिक्षकों की नियुक्ति हुई तब जो तत्कालीन सरकार थी नियमों व मापदण्डों के तहत शिक्षकों के नियक्ति की गई थी



पन्ना।

फिर आज षिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को लेकर वर्तमान में म.प्र. की सरकार अपने निर्णय को लेकर क्यों चुप्पी साधे हुये है क्या षिक्षक दोषी है आखिर बीसों वर्ष बाद जिन षिक्षकों का भविष्य उनकी सेवा से जुड़ा हुआ हो फिर भी जनप्रतिनिधि अपने आप में चुप आखिकार षिक्षकों की सेवा के साथ यह अन्याय क्यों? कैसे अब उनके परिवारों का भविष्य जहां टिका हुआ है कौन होगा जिम्मेदार सरकार दोषी या कि षिक्षक जिन्होंने उस समय नियुक्तियां की षिक्षक बनाये आज फिर परीक्षा पात्रता की कैसे?

षिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिये गये निर्णय से जहां समूचे षिक्षा जगत में षिक्षकों के भविष्य का संकट खड़ा हो गया है आखिरकार बीसों वर्ष की सेवाओं के बाद अब परीक्षा पात्रता की हो यह कैसा निर्णय आखिरकार जहां तत्कालीन सरकारें जो प्रदेषों में सरकार चला रही थी उस समय जो नियम बनाये गये उदाहरण के तौर पर म.प्र. सरकार की बात करें तो षिक्षाकर्मी, सविदा षिक्षक जैसी नियुक्तियां गुरूजी के पद पर भी नियुक्तियां की गई पंचायत के माध्यम से जहां जनपद षिक्षा समिति वहीं जिला पंचायत में षिक्षा समिति के माध्यम से षिक्षकों का चयन किया गया वहीं कांग्रेस की सरकार के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी म.प्र. में जब से सत्ता में आई इन षिक्षकों को नियमतीकरण के रूप में जहां षिक्षक माना गया। अब यहां बीच सेवा के दौरान षिक्षक पात्रता परीक्षा का निर्णय माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जो दिया गया इसको लेकर सरकारें चुप्पी साधे हुये है आखिरकार यह कैसा निर्णय जहां दस साल में शहरों के नाम बदल दिये जाते है सडकों व चौराहों के नाम बदल गये। इतना ही नहीं षिक्षा में जहां स्लेवर्स बदल गये आज बीच सेवा के दौरान षिक्षकों की पात्रता परीक्षा लिया जाना षिक्षकों के साथ यह अन्याय आखिरकार क्या? जबकि किसी भी विभाग में हो बीच सेवा के दौरान अगर परीक्षा ली जाये तो क्या परिणाम आयेंगे यह सभी बखूबी जानते है। आखिरकार षिक्षकों के भविष्य के साथ जो यह परीक्षा का मापदण्ड तय किया जा रहा है आगे की सेवा काल को लेकर यह अपने आप में एक सवालिया निषान है जहां षिक्षकों की संस्कृति हमारे देष में सम्मान से नवाजी जाती थी आज यह अपमान भरी दास्तां को लेकर माना जा रहा है षिक्षकों का परिवार भी जुड़ा हुआ है वहीं वर्तमान की सेवाओं में किसी में लोन लिया तो कोई सेवा के भरोसे हर माह की वह तारीख याद रहती है जब वेतन आने की तारीख होती है आखिरकार इनके साथ यह परीक्षा लेने की जो कहीं न कहीं पात्रता परीक्षा का सवाल संकट के रूप में खड़ा कर दिया गया फिर भी सरकारें चुप है खासकर म.प्र. की सरकार की बात करें तो षिक्षकों को लेकर क्या पिछली सरकारें भारतीय जनता पार्टी की अभी तक जिन्होंने षिक्षकों का नियमतीकरण किया किस मापदण्ड से किया अगर ये षिक्षक नहीं थे तो कैसे षिक्षक माना गया। वहीं तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने जब नियुक्तियां की तो किस नियम के तहत की इसमें षिक्षक कहां जिम्मेदार है आखिरकार सरकारें जहां स्वयं नियम बनाती है सेवाओं में शासकीय सेवा के रूप में नियुक्तियां मापदण्ड के तहत ही नियमों को ध्यान में रखकर कीर जाती है फिर षिक्षक कहां दोषी है आखिरकार फिर षिक्षकों के साथ उनके भविष्य को लेकर जो यह निर्णय माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा लिया गया है इस पर सरकार की चुप्पी सवालों के घेरे में वही जरूरत है कि म.प्र. की सरकार ने जिन षिक्षकों को नियमतीकरण करते हुये षिक्षक बनाया अब स्वयं सरकार षिक्षकों की पात्रता परीक्षा के निर्णय को लेकर माननीय सर्वोच्चय न्यायालय में पुर्नविचार याचिका दायर करते हुये जो षिक्षक वर्तमान में सेवा में है इसी तरह उनकी सेवा का काल पूर्ण किया जाये। चूंकि यहां षिक्षक दोषी नहीं है षिक्षकों ने तो शासकीय सेवा उस समय की सरकारों के नियमों व मापदण्डों के तहत सेवा में आये अब कैसी पात्रता परीक्षा। वहीं जब से टी.ई.टी. परीक्षा लागू की गई तब से यह परीक्षा जानी गई आखिर पिछले समय को लेकर क्या यह षिक्षक जिम्मेदार है उनके साथ उनका परिवार भी इसी सेवा के भरोसे होता है षिक्षक राष्ट्र का निर्माता है जो देष के भविष्य का निर्माण करता है फिर भी सरकारों की चुप्पी षिक्षकों के साथ अन्याय भरी दास्तां को लेकर यह समय चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिरकार षिक्षकों का सम्मान जिस देष की संस्कृति भूल जायेगी उस देष के भविष्य का निर्माण कैसा होगा यह तो वक्त ही तय करेगा। इतना ही नहीं जनप्रतिनिधियों ने पत्र लिखकर तो अपनी मंषा जाहिर की है पर यहां सरकार फिर भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद कुंभकरणीय नींद में क्यों आखिरकार पुर्नविचार याचिका सरकार कब दायर करेगी क्या षिक्षकों के भविष्य को लेकर सरकार को चिंता नहीं आखिरकार नियुक्ति व नियमतीकरण सरकारों ने ही की है यहां षिक्षकों की परीक्षा क्यों अब सरकारों खुद ही अपना रखे पक्ष। वहीं हर जिले में इस समय षिक्षक अपने भविष्य की चिंता को लेकर ज्ञापनों का दौर शुरू कर चुके है कई प्रदेष की सरकारों ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बादपुर्नविचार याचिका भी लगाई हुई है यहां म0प्र0 की सरकार षिक्षकों के लिये उनके हक में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में षिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में पुर्नविचार याचिका कब करेगी फाईल सभी को इंतजार।

# माता के जवारों की शोभा यात्रा धूमधाम से निकली

अमानगंज।



चौत्र नवरात्र के पावन अवसर पर नगर में माता के जवारों की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। सुबह से ही भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाएं सिर पर जवारों को धारण कर भक्ति गीतों के साथ नगर भ्रमण पर निकलीं। शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय मंदिर प्रांगण से किया गया, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा में छोटी-छोटी बालिकाएं एवं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह सामाजिक संगठनों द्वारा जलपान एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिली। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रशासन भी मुस्तैद रहा। पुलिस बल के साथ स्वयंसेवकों ने यात्रा को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। शोभायात्रा का समापन मंदिर प्रांगण में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने माता रानी की आरती कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और धार्मिक लाभ अर्जित किया।

# गुनौर में पेट्रोल-डीजल संकट गहराया, पंपों पर उमड़ी भीड़, लोगों में भारी आक्रोश

**गुनौर में चार पेट्रोल पंपो में दो पेट्रोल पंप बंद वही दो पेट्रोल पंपों में केवल पेट्रोल वह भी सीमित**

गुनौर।



गुनौर क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की कमी ने आमजन की परेशानियां बढ़ा दी हैं। हालत यह है कि पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन कई जगहों पर पेट्रोल तो कहीं डीजल पूरी तरह खत्म हो चुका है। स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि जहां पेट्रोल उपलब्ध है, वहां भी पंप संचालकों द्वारा एक वाहन में 300 से अधिक का पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। इस सीमित आपूर्ति के कारण लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। वाहन चालकों का कहना है कि अचानक आई इस कमी से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। कई लोग घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। वहीं, कुछ जगहों पर लोगों और पंप कर्मचारियों के बीच बहस और विवाद की स्थिति भी बन रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द ईंधन की आपूर्ति सुचारू की जाए, ताकि इस संकट से राहत मिल सके। यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी, तो आक्रोश और बढ़ सकता है। फिलहाल, गुनौर में पेट्रोल-डीजल की किल्लत ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है और लोग प्रशासन की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं।अमानगंज रोड भारत पेट्रोल पंप गुनौर मे लोगो की काफ़ी भीड़ लगी हुई है यहां पर पेट्रोल डीजल दोनों नहीं मिल रहे है वही जिम्मेदार कर्मचारियों से बात करनी चाहिए तो वह कैमरे के सामने आना ही नहीं चाहते वही डिघोरा रोड स्थित इंडियन पेट्रोल पंप मे केवल पेट्रोल ही मिल रहा है वो भी 300 से अधिक का नहीं दिया जा रहा है , वही ककरहटी रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप में ना तो पेट्रोल है और ना ही डीजल वही बराछ रोड स्थित पेट्रोल पंप में केवल पेट्रोल दिया जा रहा है यहां भी डीजल नहीं है।

# गुनौर मंडी में 'मुद्दत' का महाघोटाला व्यापारी बने कानून, किसान बने शिकार

**कटौती या खुली लूट? 27 मार्च तक नहीं मिला भुगतान, मंडी अधिकारी बोले "हमें कुछ पता नहीं"**

गुनौर।



गुनौर मंडी इन दिनों अनाज से ज्यादा "मनमानी" के कारोबार के लिए चर्चा में है। यहां व्यापारी अब सिर्फ सौदे नहीं कर रहे, बल्कि अपने नियम खुद बना रहे हैं। "मुद्दत" नाम का ऐसा खेल चल रहा है, जिसमें किसान की जेब कट रही है और जवाबदेही कहीं नजर नहीं आ रही।

पूरा मामला 23 मार्च से शुरू होता है, जब किसान रामकरण पटेल अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे और फसल बेच दी। अगले ही दिन 24 मार्च को जब किसान भुगतान लेने व्यापारी लंबरदार के पास पहुंचा, तो "मुद्दत" के नाम पर करीब 1ः राशि काटकर नगद पैसा देने की कोशिश की गई।

किसान ने जब इस कटौती का विरोध किया, तो व्यापारी ने पैसा वापस ले लिया और भरोसा दिया कि पूरी राशि खाते में डाल दी जाएगी। लेकिन यहीं से असली खेल शुरू हुआ। 27 मार्च तक किसान के खाते में एक भी रुपया नहीं पहुंचा। यानी पहले कटौती की कोशिश, फिर भुगतान का वादा और आखिर में पूरा पैसा ही रोक लिया गया। इस पूरे घटनाक्रम ने मंडी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस व्यापारी पर आरोप है, उसकी दुकान गुनौर के कटन तिराहे पर बताई जा रही है और मंडी में खरीदी भी उसी के माध्यम से हुई थी। मामले में जब मंडी अधिकारी रामनिवास द्विवेदी से सवाल किया गया, तो उन्होंने शादी कार्यक्रम में होने का हवाला देते हुए अनभिज्ञता जताई। उनका यह जवाब किसानों के जख्म पर नमक छिड़कने जैसा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद किसानों में भारी आक्रोश है। किसान खुलकर आरोप लगा रहे हैं कि मंडी में "मुद्दत" के नाम पर अवैध वसूली और भुगतान में देरी अब आम बात बनती जा रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है क्या गुनौर मंडी में नियम किताब से चलेंगे या फिर व्यापारियों की मर्जी से? और क्या किसान को उसकी मेहनत की कमाई के लिए यूं ही भटकना पड़ेगा।

# कलेक्टर ने पेट्रोल-डीजल व एलपीजी उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शनिवार को पन्ना शहर सहित जिले के 76 पेट्रोल पंपों में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता, स्टॉक की स्थिति तथा सुचारू रूप से आपूर्ति व वितरण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की और आमजनों को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। वर्चुअल बैठक में एसडीएम एवं तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित खाद्य विभाग के अधिकारी एवं ऑयल कंपनियों के सेल्स मैनेजर व प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस मौके पर जिला कलेक्टर द्वारा वर्तमान में सप्लाई व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर कालाबाजारी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने एवं सतत मॉनिटरिंग व जांच के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी ऑयल कंपनी, डिपो एवं पंप पर नियमित अंतराल पर नया स्टॉक पहुंच रहा है। इसलिए प्रति दिवस मांग अनुसार आपूर्ति का प्रयास किया जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि संभवतः कुछ स्थानों पर ग्राहकों की अधिक संख्या के कारण बिक्री बढ़ने से ड्राय पंप जैसे हालात बने, लेकिन कंपनी के डिपो से लगातार पूर्ति के कारण अब उपभोक्ताओं को समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। शासन स्तर से भी बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए समस्त सप्लाई लोकेशन पर ज्यादा समय तक काम करने एवं मांग को पूरा कर स्थिति को सामान्य बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति के उद्देश्य से सभी आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा अपने स्तर पर उपभोक्ताओं से पेट्रोल व डीजल का संग्रहण न कर स्वयं की जरूरत अनुसार ही क्रय की अपील भी करें। सभी पंप पर रजिस्टर रखवाकर रिकार्ड कीपिंग व्यवस्था शुरू कराने तथा किसी भी सूचना पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश सहित सीसीटीवी कैमरे से व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए भी कहा। बैठक में जानकारी दी गई कि अद्यतन स्थिति अनुसार 30 पेट्रोल पंप पर तात्कालिक रूप से पेट्रोल व डीजल की आवश्यकता है। इस पर अविलंब आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त 10 दिवसीय कुआंताल मेला के दृष्टिगत भी संबंधित पेट्रोल पंप के 24 घंटे संचालन, समन्वय के साथ कार्य करने, पंप ऑपरेटर को बॉटल में पेट्रोल न देने के लिए निर्देशित करने, बड़े ग्रामों में पटवारी तथा सचिव के माध्यम से निगरानी, आपातकालीन सेवाओं के लिए न्यूनतम स्टॉक की उपलब्धता बनाए रखने तथा कानून व्यवस्था नियंत्रण के मद्देनजर भी जरूरी निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर द्वारा गैस एजेंसीवार एलपीजी गैस सिलेंडर वितरण की भी समीक्षा की गई।

# नीति, धर्म,और मर्यादा का नाम श्री राम- ब्रह्माकुमारी

**राम राज्य के लिए श्री राम के आदर्शों पर चलना होगा ब्रह्माकुमारी**

पन्ना।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रामनवमी का पर्व बड़े ही उमंग उत्साह एवं आध्यात्मिक रीति से मनाया गया श्री राम सीता की चौतन्य झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही ब्रह्माकुमारी बहन ने आज के दिन की सभी को बधाई देते हुए कहां की आज का दिन महत्वपूर्ण है आज हम सभी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म उत्सव मना रहे हैं। आगे आपने कहा कि श्री राम में वह कलाएं थी जिन्हें मानव आज भी धारण करें तो अब भी उनके समान बन सकता है श्री राम मात पिता की आज्ञा का पालना, भ्रातृ भावना में अति स्नेह, गुरू में समर्पित श्रद्धा भाव, जनता के प्रति अत्यंत सेवा भावना थी उन्होंने परिवार के प्रति सर्व मर्यादाओं पर चलकर एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है तभी वह जन जन के प्रिय राम दिलों में बसने वाले राम बने श्री राम गुणों की खान थे, जटिल परिस्थितियों धैर्यता,गंभीरता, शील व विनम्रता रूपी दिव्य गुणों का अलंकार नहीं छोड़ा तथा शत्रुओं पर उन्होंने विजय पाई राम का जीवन त्याग, तप की मिसाल है। आपने कहा अपने मन में दुर्गुणों और आसुरीयता रूपी रावण का अंत नहीं किया तब तक सद्गुणों और मर्यादा रूपी राम का जन्म कभी नहीं हो सकता शायद इसी की स्मृति में राम जन्म से पूर्व नौ देवियों का आवाहन होता है अतः यदि हम सच्चे अर्थों में श्री राम के प्रेमी उपासक हैं तो हमें श्री राम के चरित्रों को जीवन में उतरना होगा लक्ष्मण के समान मन को नियंत्रण कर रामराज्य का लक्ष्य साधना होगा, सीता समान हर नारी को मन वचन कर्म से पवित्र रहने की दृढ़ प्रतिज्ञा करनी होगी फिर हम सबको मिलकर भ्रष्टाचार,अनीति, अधर्म के रावण की लंका का दहन करना होगा तभी राम राज्य का परचम लहराएगा तो आइये रामनवमी के इस पुनीत पर्व पर हम बुराइयों के त्याग द्वारा रामराज्य लाने का संकल्प करें। कार्यक्रम में श्रीमती निशा जैन, भूपेंद्र खरे एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे सभी ने अपने-अपने विचार रखे एवं श्रद्धा भाव से आरती, पूजन किया।

## खबर संक्षेप

### हाथ- पैर सुधारक हबीब खान देवरी वालों का निधन

**हिण्डोरिया।** नगर के मौलाना अब्दुल कलाम आजाद वार्ड नं. 07 निवासी मकसूद खान, मुख्तार खान एवं स्व. अबरार बाबा के 91 वर्षीय पिता हबीब खान का वृद्धावस्था एवं लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। देवरी वालों के नाम से विख्यात हबीब खान लगभग 50 वर्ष से भी अधिक समय से अपने परपरांगत अनुभव के आधार पर लोगों के दुर्घटनावश टूटने वाले हाथ-पैर एवं शरीर के विभिन्न अंगो की हडडी को बिना एक्सरे जोड़ने मे माहिर थे। हाथ-पैर सुधारक के नाम से मशहूर हबीब खान देवरी वालों के पास जिला, प्रदेश एवं देश भर से सैकड़ों लोग आये दिन आते थे। हिण्डोरिया वालों ने उनकी मृत्यु के चलते नामवर शख्सियत एवं एक तजुर्बेकार देशी हकीम खो दिया। उनकी अंतिम शवयात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। उन्हें हिण्डोरिया कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम में जिले के लिये 3 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि स्वीकृत

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा दमोह जिले को 3 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि इस संबंध में भारत सरकार, नीति आयोग एवं राज्य नीति आयोग से आधिकारिक पत्र प्राप्त हो चुका है। पत्र में निर्देशित किया गया है कि इस राशि के उपयोग हेतु जिले द्वारा विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार कर 30 अप्रैल 2026 तक प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रभारी सचिव के मार्गदर्शन में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से परामर्श कर शीघ्र ही प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा, ताकि इस राशि का प्रभावी उपयोग जिले के विकास कार्यों में किया जा सके।

### आमने-सामने भिड़ीं बाइकें, मासूम समेत चार घायल

**बनवार।** नोहटा थाना अंतर्गत बनवार चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। रोड-बनवार मार्ग पर स्थित बड़ी टेक की पानी की टंकी के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक 12 वर्षीय मासूम बच्ची समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही बनवार चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को 112 एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे और कुछ देर के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, रम्मू यादव (26 वर्ष) निवासी रोड़ अपनी बाइक से बनवार से रोड़ की ओर जा रहा था। वहीं दूसरी ओर से देव डोगरा (38 वर्ष) निवासी ओमकार अपनी 12 वर्षीय बेटी अनामिका और 16 वर्षीय बेटे अनिल के साथ बाइक से रोड़ से बनवार की ओर आ रहे थे। बड़ी टेक स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचते ही दोनों वाहन तेज रफ्तार में आमने-सामने टकरा गए, जिससे चारों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग तत्काल मदद के लिए मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना सामने आ रहा है। यह दर्दनाक घटना एक बार फिर ग्रामीण सड़कों पर लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों को उजागर करती है।

# केन नदी में नहाते समय डूबने से 2 चचेरी बहनों की दर्दनाक मौत, दोनों युवतियां फुलारी गांव की निवासी



**लवकुशनगर।** पुलिस अनुविभाग के गोयरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पुल के नीचे केन नदी में नहाते समय दो चचेरी बहनों की डूबकर मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा तब हुआ जब दोनों बहनें अपने चाचा और अन्य परिजनों के साथ उत्तर प्रदेश के बांदा जिले स्थित विंध्यवासिनी देवी के दर्शन करने जा रही थीं।

मृतक युवतियों की पहचान महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलारी गांव निवासी कु. माया कुशवाहा (18 वर्ष), पुत्री दया राम कुशवाहा तथा कु. रोशनी कुशवाहा (17 वर्ष), पुत्री लीला कुशवाहा के रूप में हुई है। दोनों बहनें टैक्सी से 7-8 लोगों के साथ यात्रा कर रही थीं। रास्ते में रामपुर पुल के नीचे नदी में नहाने के दौरान वे गहरे पानी में चली गईं और डूब गईं।

मौके पर पहुंची गोयरा पुलिस ने दोनों युवतियों के शवों को रेस्क्यू किया। शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## 9वीं में फेल छात्रा ने लगाई फांसी, मौत



**छतरपुर।** जिले में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 9वीं कक्षा की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को छात्रा को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि हाल ही में आए परीक्षा परिणाम में छात्रा तीन विषयों में फेल हो गई थी, जिससे वह काफी परेशान और तनाव में थी। इसी अवसाद के चलते उसने यह कदम उठा लिया। मृतिका के भाई रामदास अहिरवार, निवासी जनकपुर थाना ईशानगर, ने बताया कि गुरुवार को ही परिणाम आया था और उसी के बाद से छात्रा गुमसुम थी। शुक्रवार को उसने घर में फांसी लगा ली। घटना के बाद परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सटई रोड इलाके में जोरदार धमाका, घरों में कंपन और धुआं, ग्रामीणों में दहशत

**छतरपुर। शहर के सटई रोड क्षेत्र में शुक्रवार को जोरदार धमाके की घटना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास के कई घरों में कंपन महसूस किया गया और हवा में धुआं भर गया, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी दहशत फैल गई। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।**

ग्राम मौराहा के ग्रामीणों ने बताया कि वे खेत में फसल कटाई का काम कर रहे थे, तभी आसमान में एक प्लेन तेज रफ्तार से निकला। प्लेन करीब 30-40 फीट की ऊंचाई पर था और उससे काफी धुआं निकलता दिखाई दिया। ग्रामीण घबरा गए और दहशत में आ गए। सटई रोड के निवासियों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि घरों के दरवाजे हिलने लगे और बाथरूम में रखे पानी के बर्तनों तक में



पानी उछल पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटना पहले भी दो बार हो चुकी है, लेकिन इस बार धमाके की आवाज और प्रभाव ज्यादा तीव्र था, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने आसमान में फाइटर जेट उड़ान भरने की भी चर्चा की, लेकिन अभी तक प्रशासन या पुलिस की ओर से इस घटना के कारणों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसी तरह की घटना छतरपुर जिले के चंदला क्षेत्र में भी देखने को मिली, जहां ग्रामीणों में काफी दहशत फैली। वहां का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि धमाका किसी विमान की इंजन फेलियर, सैन्य गतिविधि या किसी अन्य कारण से हुआ।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ब्लॉक और शिक्षक हुए सम्मानित




**छतरपुर।** शहर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में शनिवार को इंग्लिश लिटरेसी कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षकों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों में पंकज सेन, ऋतु सिंह, खुशी जैन, वंदना प्रजापति, अजय दीक्षित सहित 20 शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को प्रशंसा पत्र वितरित कर सम्मानित किया।
यह कार्यक्रम लीप फॉर वर्ल्ड संस्था द्वारा संचालित निहार शांति पाठशाला फनवाला के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो कि माईक्रो लिमिटेड की सीएसआर पहल का हिस्सा है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में आउटस्टेडिंग क्लस्टर ब्लॉक एण्ड डिस्ट्रिक नवाचार कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ब्लॉकों, क्लस्टरों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम में बारीगढ़ एवं नौगांव ब्लॉकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। बारीगढ़ से बीआरसीसी और नौगांव से एस.के. निरंजन ने पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही एचएसएस बॉयज बारीगढ़ एवं एचएस निवार (बक्सवाहा) क्लस्टरों को भी सम्मानित किया गया।

## जानराय टौरिया में चल रहा श्री रामचरित मानस महायज्ञ, होगी देश की विशाल प्रतिमा स्थापित

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय में स्थित प्रसिद्ध स्थल जानराय टौरिया में इन दिनों भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहां प्रतिदिन श्री रामचरितमानस महायज्ञ का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। नव दिवसीय महाबली श्री हनुमान की विशाल अष्टधातु की मूर्ति स्थापित



करने हेतु प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव चल रहा है। इसी महोत्सव के पावन अवसर पर श्री रामचरितमानस महायज्ञ में आहुतियां दी जा रही है जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

मीडिया प्रभारी लोकेश चौरसिया ने बताया कि चित्रकूट धाम से आए यज्ञाचार्य पं. राम कृपाल पाठक एवं उनकी कर्मकांडी ब्राह्मणों की टीम हवन पूजन करवा रही है। इस पावन अवसर पर महाबली हनुमान जी की 51 फुट ऊंची अष्टधातु प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी की जा रही है। यह भव्य प्रतिमा क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बनने जा रही है, जिसे देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, कथा, भजन-कीर्तन और संतों के प्रवचन आयोजित किए जा रहे हैं जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है। महंत भगवान दास श्रृंगारी महाराज ने सभी धर्म प्रेमियों से इस महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत करने का कार्य कर रहा है।

## कॉलेज में अव्यवस्थाओं को लेकर एबीबीपी का ज्ञापन, प्रोफेसर पर अभद्रता के आरोप

**बकस्वाहा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बकस्वाहा ने शासकीय महाविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं अनुशासनहीनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्राचार्य एवं तहसीलदार भरत पांडे को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में परिषद ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था लंबे समय से प्रभावित है, जिससे छात्र-छात्राओं का भविष्य संकट में पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं के अनुसार नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं, कई विषयों के शिक्षक अनुपस्थित रहते हैं और विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पा रहा है।
परिषद ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की कमी, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव, परीक्षा कार्यों में अनियमितता एवं शिक्षकों के समय पर न आने जैसी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इन सभी मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान छात्रा निधि परिहार ने बॉटनी के प्रोफेसर नूरुलहसन खत्री पर अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर छात्राओं से ठीक से बात नहीं करते और उनके साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करते हैं। छात्राओं ने मामले की निष्पक्ष



जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।
ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांत विद्यार्थी सेवा सह प्रमुख रोहन रावत, बड़ामलहरा भाग संयोजक राहुल प्रजापति, नगर मंत्री शिवम परिहार, स्रनष्ठ प्रमुख निधि परिहार, विद्यालय अध्यक्ष सत्यम राजपूत, महाविद्यालय मंत्री रोहित आठ्या, रक्षा पाटकर, प्रियंका अहिरवार, काजल प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में परिषद ने प्रशासन से मांग की कि छात्रों के हित में तत्काल ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित हो सके।

# सरेआम सड़क पर गुंडागर्दी, युवक की बेरहमी से पिटाई, वीडियो वायरल

**हरपालपुर। शनिवार दोपहर लहचूरा रोड पर मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई, जहां बीच सड़क पर एक युवक के साथ 2-3 लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से बेरहमी से मारपीट कर दी। इस पूरी घटना के दौरान सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे, लेकिन किसी ने भी युवक को बचाने की कोशिश नहीं की।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मारपीट करने वाले आरोपी आसपास के गांव के बताए जा रहे हैं। इस तरह खुलेआम कानून व्यवस्था को चुनौती देना नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल के पास लहचूरा रोड पर आए दिन ई-रिक्शा चालक झुंड बनाकर खड़े रहते हैं। कई बार वे लोगों के घरों के सामने जबरन वाहन खड़े कर देते हैं और सवारियों से अभद्र भाषा में बात करते हुए जोर-जोर से शोर-शराबा करते हैं। इस तरह का माहौल न केवल क्षेत्र की शांति भंग कर रहा है, बल्कि घरों में रहने वाले छोटे बच्चों पर भी



इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। समाज और ऐसी घटनाएं नगर की छवि को धूमिल कर रही हैं और कानून के प्रति लोगों के मन में गलत संदेश दे रही हैं।

## नाबालिग भतीजी को चाचा भगा कर ले गया

**पीड़िता की मां का आरोप : रोहित रैकवार बेटी को मोबाइल पर लगातार संपर्क में रखता था और उसे रंगीन सपने दिखाकर बहकाता था।**

**खजुराहो।** रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है, जहां एक चाचा ने अपनी नाबालिग भतीजी को बहला-फुसलाकर भगा लिया।
यह घटना 27 मार्च की रात खजुराहो जिले के थाना राजनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खजवा में हुई। गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की, जो रिश्ते में भतीजी लगती है, अपने चाचा रोहित रैकवार के साथ फरार हो गई। पीड़िता की मां का आरोप कि रोहित रैकवार उनकी बेटी को मोबाइल पर लगातार संपर्क में रखता था और उसे रंगीन सपने दिखाकर बहकाता था। साथ ही वह लड़की के माता-पिता और भाई को जान से मारने की धमकी भी देता था। लड़की के पिता ने राजनगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने बताया कि खजुराहो थाना क्षेत्र के अचनार गांव निवासी रोहित रैकवार ने उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा लिया है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी रोहित रैकवार की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

## जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित किया गया तृतीय चरण का एफएलएन मेला



**छतरपुर।** भारत सरकार के निपुण भारत अभियान एवं मध्य प्रदेश शासन के मिशन अंकुर के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को सुदृढ करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा केंद्र द्वारा जिले के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में एफएलएन मेला -3 का आयोजन किया गया।

यह मेला समस्त प्राइमरी स्कूलों में कक्षा 1-2 के बच्चो के लिय आयोजित किया गया। एफएलएन मेले का उद्देश्य अभिभावकों को स्कूल से और बच्चो के सर्वांगीण विकास से जोडन्ना है। समुदाय की सहभागिता के साथ मेले में गतिविधियां आयोजित कर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी दिए गए। एफ एल एन मेला मध्य प्रदेश सरकार की एक पहल है जिसके माध्यम से बच्चों की शारीरिक, मानसिक,भाषा विकास आदि क्षमताओं का मूल्यांकन कर उनके विकास हेतु ऐसी गतिविधियों को करना है, जो स्कूली परिवेश में बच्चों के विकास के लिए आवश्यक होती हैं। पूर्ण मनोयोग से बच्चों एवं पालक की सहभागिता के साथ एफ एल एन मेला तृतीय चरण प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में विधिवत संपन्न किया गया। मेले के आयोजन में कक्षा पहली दूसरी के बच्चे एवं अभिभावकों की सहभागिता के साथ प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में शाला समय पर मेले के तृतीय चरण का आयोजन किया गया ,जिसमें 6 स्टाल लगाए गए। पांच स्टॉल में बच्चो ने गतिविधियां की एवं एक स्टॉल में पंजीयन किया गया। बच्चों के प्रदर्शन को रिपोर्ट कार्ड के आधार पर बच्चों को अभिभावकों के समक्ष सम्मानित किया गया। डीपीसी अरुण शंकर पांडे एपीसी एकेडमिक नीरज खरे डाइट प्राचार्य आरके वर्मा प्रथम संस्था से इरम अंसारी समस्त बीआरसी, डाइट के समस्त अकादमिक सदस्यों, बीएसी एवं जनशिक्षकों ने मेलों का अवलोकन कर छात्रों का उत्साह वर्धन किया।

## कृषि एवं विज्ञान में नवाचार विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ

# धरती माता और भावी पीढ़ी को स्वस्थ रखने के लिए करें प्राकृतिक खेती - उप मुख्यमंत्री

### रसायन मुक्त और अधिक उत्पादन देने वाला बीज विकसित करना है बड़ी चुनौती

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कृषि महाविद्यालय रीवा में विकसित भारत 2047 के लिए विज्ञान और कृषि में नवाचार विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती हमारी अर्थव्यवस्था का आधार है। हम वर्तमान में विपुल अन्न और फल सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाने के लिए हमने खाद और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग किया है, जिसके कारण धरती माता बीमार हो गई हैं। धरती माता को स्वस्थ रखना और भावी पीढ़ी को स्वस्थ जीवन देने के लिए प्राकृतिक खेती इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है । गोपालन पर आधारित प्राकृतिक खेती से ही हमें अच्छे स्वास्थ्य की नेमत मिलेगी। हर किसान अपनी कुल जमीन के दस प्रतिशत भाग पर प्राकृतिक विधि से अनाज फल और सब्जी का उत्पादन करें जिससे कम से कम उसके परिवार को रसायन रहित पौष्टिक आहार मिल सके। सेमिनार का आयोजन कृषि महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर, एकेएस यूनिवर्सिटी तथा श्याम



दुलारे तिवारी शिक्षा एवं शोध संस्थान द्वारा किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह जी ने बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का शुभारंभ किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लिए किया जा रहे प्रयासों की सराहना की। कृषि वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती यही है कि अन्न उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ ऐसी किस्म का विकास करें जिससे माटी की उर्वरा शक्ति बनी रहे, धरती बीमार न हो और पौष्टिक अनाज से हम सब भी स्वस्थ रहें। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि वर्ष 2047 की अनुमानित जनसंख्या को ध्यान में रखकर प्राकृतिक खेती तथा अनाज उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित करना होगा। रासायनिक खाद और कीटनाशकों के स्थान पर जैविक विधि से बनाई गई खाद तथा कीटनाशकों का उपयोग करना होगा, जिससे धरती का स्वास्थ्य और मानव के लिए हितकारी जीवाणु, कीट और पक्षी रह सकें। सेमिनार में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर पीके मिश्रा ने कहा कि कोरोना काल ने हमें प्रकृति की ओर लौटने और प्राकृतिक खेती को अपनाने के स्पष्ट संकेत दिए हैं। हमारा अस्तित्व तभी तक है जब तक हम प्रकृति के अनुसार आचरण करेंगे। निर्माण कार्यों, बड़े बांध, खनन परियोजनाओं से वनों का विनाश होने के साथ-साथ खेती की जमीन घट रही है। साथ ही पूरी दुनिया में जल संकट की आहट है। युवा, कृषि वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं के कंधों पर इन संकटों को दूर करने की जिम्मेदारी है। हमारे पूर्वजों नेवो बहुत सोच समझकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती के साथ गोपालन को जोड़ा और धरती तथा गौ को माता के समान आदर दिया। हमें पुनः उसी तरफ चलने की आवश्यकता है। सेमिनार में उप मुख्यमंत्री ने कृषि महाविद्यालय की पत्रिका हरियाली, प्राकृतिक खेती की पुस्तिका तथा गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं 17 शोध पत्रों के संकलन का विमोचन किया।सेमिनार में एकेएस विश्वविद्यालय के चांसलर अनंत सोनी ने ऊर्जा संरक्षण तथा खेती में नवाचार के संबंध में विचार व्यक्त किए। कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. एसके त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती के लिए महाविद्यालय में किए जा रहे शोध की जानकारी दी। सेमिनार में प्रोफेसर डॉ. आरके तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सेमिनार में एके जैन, डॉ. एसके पाण्डेय, प्रोफेसर एके शर्मा तथा वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता शामिल हुए। सेमिनार में आठ राज्यों के कृषि वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री ने मनकामेश्वर मंदिर में की पूजा



**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा शहर के मनकामेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी के कल्याण की कामना की। साथ ही मंदिर में जनभागीदारी से कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य का अवलोकन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राचीन मंदिर हजारों लोगों की आस्था का केन्द्र है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं। इसके परिसर विस्तार से भक्तों को दर्शन और पूजा-अर्चना में सहूलियत मिलेगी। निरीक्षण के समय निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### खटखरी में निर्माणाधीन टंकी गिरने पर उपयंत्री निलंबित



**मऊगंज।** जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम नलजल योजना से मऊगंज जिले के ग्राम खटखरी में निर्माणाधीन टंकी 27 मार्च को ध्वस्त हो गई। टंकी निर्माण में लापरवाही बरतने तथा गुणवत्ता का ध्यान न रखने पर चीफ इंजीनियर पीएचई संजय कुमार अधवान ने उपयंत्री एपी तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबन के आदेश दिए हैं। श्री तिवारी वर्तमान में सहायक यंत्री त्योंथर डिवीजन के प्रभारी के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। निलंबन अवधि में श्री तिवारी का मुख्यालय अधीक्षण यंत्री कार्यालय रीवा निर्धारित किया गया है। श्री तिवारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### दिनदहाड़े चोरी का खुलासाः चंद घंटों में आरोपी गिरफ्तार,

**रीवा।** जिले के मनगवां थाना क्षेत्र में हुई दिनदहाड़े चोरी की वारदात का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात और मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, 27 मार्च को फरियादिया रानी पटेल, पति शिवसेवक पटेल (उम्र 33 वर्ष), निवासी मिसिरगंवा थाना मनगवां, ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे घर के सभी सदस्य गांव के मंदिर में भंडारे में शामिल होने गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और सामान बिखेरते हुए लोहे की पेटी का ताला तोड़ दिया। चोर पेटी में रखे सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, बिछिया, रेडमी कंपनी का आसमानी रंग का मोबाइल फोन और नकदी समेत करीब 60 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 187/2026 धारा 331(3) एवं 305(a) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर साइबर सेल रीवा की मदद से चोरी गए मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की गई। तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर चोरी गया पूरा माल बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुन्दरम यादव (उम्र 25 वर्ष), निवासी पहाड़ीपुर थाना सराय इनायत, जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल रीवा भेज दिया गया।

## अमिलिया नहर में मिला युवक का शव, दो दिन से था लापता

**घर से निकलने के बाद नहीं लौटा था युवक, पुलिस जांच में जुटी**

**रीवा। जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत अमिलिया मुख्य नहर में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक युवक दो दिन पहले घर से निकला था और तब से लापता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह ग्राम पंचायत पडरा के समीप अमिलिया मुख्य नहर में स्थानीय ग्रामीणों ने एक युवक का शव तैरता हुआ देखा। इस दृश्य से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक तौर पर शव की पहचान नहीं हो पाई, जिसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। कुछ ही देर में शव की पहचान लालगांव निवासी सनी साकेत के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, सनी साकेत जिउला में रहकर कार्य करता था। वह 26 मार्च की शाम घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच शनिवार सुबह उसका शव पडरा गांव के पास नहर में मिलने की सूचना मिली, जिससे परिवार में मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। शव की पहचान होते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस यह भी जांच कर रही है कि युवक की मौत दुर्घटनावश हुई है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ-साथ मृतक के कॉल डिटेल्स और गतिविधियों की भी जांच की जा रही है।

## नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश

**रीवा।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में लागू है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने के स्थान पर इसको स्ट्रारीपर से भूसा बनाकर पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें। किसान यदि गेंहू के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईंधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है।जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। साथ ही सभी अनुभागों में एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित की गई है। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

## गौमांस तस्करी पर कार्रवाई, 14 किलो मांस जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** जिले में अवैध मांस तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चोरहटा थाना पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने करहिया नंबर-1 क्षेत्र में दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से लगभग 14 किलो संदिग्ध गौमांस जब्त किया है।चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि करहिया नंबर-1 में कुछ व्यक्ति अवैध रूप से गौमांस की तस्करी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने देर रात उक्त स्थान पर दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस ने मौके से शंकर साकेत और शमशेर साकेत नामक दो आरोपियों को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से लगभग 14 किलो संदिग्ध मांस बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने उक्त मांस के गौमांस होने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। वहीं जब्त किए गए मांस को विधिवत परीक्षण के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी भेजा गया है, ताकि इसकी पुष्टि हो सके। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी मांस की तस्करी की फिराक में थे, लेकिन समय रहते पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया। मामले की विस्तृत जांच जारी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## पश्चिम विक्षोभ से बदलेगा मौसम जिले में 30 और 31 को बारिश की संभावना

### देश के अलग-अलग हिस्सों में एक साथ बने 3 सिस्टम

**रीवा। जिले के मौसम में फिर बदलाव की आहट आ रही है। देश के अलग-अलग हिस्से में एक साथ 3 सिस्टम बनने से जिले में 30 और 31 मार्च को बारिश होने की संभावना मानी जा रही है। बताया गया है कि देश के उत्तर-पश्चिम हिस्से में जो पश्चिमी विक्षोभ बना था, वह ज मू कश्मीर पहुंच गया है। राजस्थान में ऊपरी हवा का चक्रवात बना हुआ है। साथ ही राजस्थान से एक ट्रफ लाइन प्रदेश के पश्चिमी हिस्से तक आ रही है। जिससे मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।**



मौसम विज्ञान से जुड़े जानकारों ने अगले चौबीस घंटे में गरज-चमक के साथ बौछारें पडने का अनुमान लगाया है। हालांकि शनिवार को बादलों के बीच तीखी धूप से भी लोगों को परेशान होना पड़ेगा। पिछले चौबीस घंटे में देखें तो रात का न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री ऊपर आ गया। जबकि दिन के अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 16 डिग्री पर दर्ज हुआ था, जो शुक्रवार को दिन में 17.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इधर बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि का न्यूनतम तापमान 16 डिग्री तक पहुंचा था। जबकि गुरुवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि का न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

**6 किमी प्रति घंटे की गति से चली हवाएं**

जानकारों के अनुसार दिन और रात का तापमान सामान्य से क्रमशः 1.2 और 0.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। दिन में 6 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं। दिन में लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। लेकिन शाम के बाद चलने वाली हवाओं में ठंडकर रही। जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को हल्की बारिश और बूंदाबांदी की स्थिति बनी।

## अवैध उत्खनन करने वाले वाहन को किया गया जप्त



**मऊगंज।** कलेक्टर संजय जैन के निर्देशन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन पर लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। गत दिवस हनुमना जनपद अन्तर्गत ग्राम लोढ़ी में खनिज एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही में अवैध उत्खनन करने वाले वाहन जप्त किए गए। खनिज अधिकारी सुनित राजपूत से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध उत्खनन करने पर 1130 फर्शी पत्थर एवं ट्रैक्टर ट्राली में भरे खण्ड पत्थर को संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा जप्त किया गया।

## लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पुलिस की साइकिल रैली, स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

### पुलिस अधीक्षक ने गीत गाकर सबको चौकाया, युवाओं को फिटनेस

**रीवा। 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रीवा पुलिस द्वारा एक अनूठी पहल करते हुए साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और फिटनेस के महत्व को रेखांकित करना रहा।**



रैली की शुरुआत शहर के स्पोर्ट्स कंपलेक्स से हुई, जो सिरमौर चौराहा होते हुए कॉलेज चौराहा स्थित विवेकानंद पार्क तक पहुंची। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं युवा शामिल हुए। पूरे मार्ग में रैली को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और आयोजन को लेकर उत्साह का वातावरण देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने रैली के दौरान युवाओं और पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, साइकिलिंग और योग को दिनचर्या में शामिल करने से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती बीमारियों से बचने के लिए फिटनेस को प्राथमिकता दें। रैली के समापन पर विवेकानंद पार्क में एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारियों द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। गीत-संगीत के इस कार्यक्रम ने माहौल को और अधिक उल्लासपूर्ण बना दिया और उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

**काशीनाथ सिंह, प्रधान जिला न्यायाधीश शहडोल, जिला-शहडोल म.प्र.**

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना (साधारण प्रारूप)

**MJC124/2025**

गीता सिंह Vs मु. भगवती वगै.

प्रति,

महिमा उर्फ मंटी सिंह पत्नी जितेंद्र सिंह उर्फ पिंटू उम्र-42 वर्ष निवासी हनुमान मंदिर के सामने चिरहुला, गुढ रोड रीवा जिला रीवा म.प्र.

**Process Id-Q1/2026**

पेशी दिनांक: 22-04-2026

प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के समक्ष उपरोक्त अपीलार्थी/आवेदिका गीता सिंह चंद्रोदय पत्नी स्व. सुरेन्द्र प्रताप सिंह उम्र 63 वर्ष, निवासी- ग्राम पटासी थाना सोहागपुर शहडोल, जिला शहडोल म.प्र. हाल निवासी-33/11 के0ही सब स्टेशन सलोन थाना व तहसील सालोन जिला रायबरेली उ.प्र. में अपील विरुद्ध निर्णय च डिक्री दिनांक 23.08.2025 पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंण्ड शहडोल पीठासीन अधिकारी सुश्री स्वेता यादव आरसीएसए प्रकरण क्रमांक 37/2017 से क्षुभित होकर प्रथम अपील प्रस्तुत की है। वाद भूमि ग्राम सेमरिहा पटवारी हल्का देवगंवा तहसील सोहागपुर जिला-शहडोल म.प्र. स्थित वादग्रस्त भूमि खसरा नं. 5 रकवा 29.31 एकड़ का जुज रकवा 18.69 एकड़ अर्थात 7.5620 हे. भूमि का मालिकाना दखल राजस्व अभिलेख में वादी के नाम स्वामित्व दर्ज अभिलेख वर्ष 1978-79 से रहा है। अपीलार्थी/वादी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील में उल्लेखित आधार एवं अतिरिक्त साक्ष्य अवलोकन एवं अधिनस्थ न्यायालय के रिकार्ड श्रवण तर्क के पश्चात् पारित आलोच्य निर्णय द डिक्री दिनांक 23.08.2025 को निरस्त कर अपीलार्थी/वादी के पक्ष में विधिविष्द्ध फर्जी विक्रयपत्र दिनांक 29.05.1989 प्र.पी.-17 को शून्य घोषित किये जाने की आज्ञा प्रदान कर अपील स्वीकार किये जाने हेतु अपील प्रस्तुत किया है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि उक्त एमजेसी प्रकरण में प्रस्तुत अपील को स्वीकार किये जाने में आपको कोई आपत्ति हो तो दिनांक 22.04.2028 को दिन में 11.00 बजे स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया हो, उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज दिनांक 25/3/26 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। उक्त दिनांक को अवकाश हो जाने अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाने पर प्रकरण की सुनवाई नियत दिनांक के अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

**के. एम. सिंह**
**प्रधान जिला न्यायाधीश**
**शहडोल (म.प्र.)**